NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112




**पहला रोजा**

शिया
सहरी : 4:50 बजे
इफ्तार : 6:12 बजे

सुन्नी
सहरी : 5:01 बजे
इफ्तार : 6:12 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**एक नजर**

## कक्षा तीन की छात्रा से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**जहांगीराबाद, बाराबंकी : अमृत विचार** : क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को एक युवक ने कक्षा तीन की छात्रा के साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। छात्रा के शोर मचाने पर उसे जान मारने की धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गया। छात्रा की मां ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के संदीप पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया की मुकदमा दर्ज किया गया है।

# तत्कालीन एसपी व अन्य को हाईकोर्ट से मिली राहत

## लखनऊ खंडपीठ ने आपराधिक मुकदमे को किया खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक आपराधिक मामले में बाराबंकी के तत्कालीन एसपी अरविंद चतुर्वेदी व सीडीओ मेघा रूपम समेत खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, थानाध्यक्ष देवां व एसआई जैद अहमद को बड़ी राहत देते हुए, इनके खिलाफ आपराधिक मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाराबंकी द्वारा लिए गए संज्ञान व तलबी आदेश को खारिज कर दिया है।

इन अधिकारियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाराबंकी ने विचारण के लिए तलब किया था।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने राज्य सरकार की पुनरीक्षण याचिका पर पारित किया। याचिका में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के 17 फरवरी 2021 के एक आदेश को चुनौती दी गई थी।



**अदालत से**

» सीजेएम बाराबंकी ने अधिकारियों को किया था तलब

दरअसल स्थानीय निवासी राम प्रताप के प्रार्थना पत्र पर सीजेएम ने बीडीओ अनूप कुमार सिंह व ग्राम पंचायत अधिकारी बीना के खिलाफ वादी पर हमला करने इत्यादि आरोपों में एफआईआर दर्ज करने का आदेश देवां थाने को दिया था। उक्त एफआईआर पर जांच के दौरान घटना की जांच सीडीओ द्वारा भी की गई। सीडीओ ने अपनी जांच में राम प्रताप द्वारा लगाए आरोपों को बेबुनियाद बताया व एक रिपोर्ट एसपी को भी प्रेषित कर दी। उधर पुलिस ने सीडीओ की रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेकर, विवेचना के उपरांत अभियुक्तों को क्लीन चिट देते हुए, फाइनल रिपोर्ट लगा दी। उक्त फाइनल रिपोर्ट के विरुद्ध एक प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र वादी द्वारा दाखिल किया गया। सीजेएम ने उक्त प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए, उपरोक्त सभी अधिकारियों को तलब कर लिया। राज्य सरकार की ओर से पेश अपर महाधिवक्ता वीके शाही ने दलील दी कि सीजेएम का तलबी आदेश मनमाना और अविधिपूर्ण है। कहा गया कि सरकारी अधिकारी होने के नाते इन सभी को सीआरपीसी की धारा 197 के तहत संरक्षण प्राप्त है।

## छोटे ने बड़े भाई पर लगाया पिता की हत्या का आरोप

**त्रिवेदीगंज,बाराबंकी, अमृत विचार** : बाप-बेटे के बीच हुए विवाद में जख्मी पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। छोटे बेटे ने बड़े भाई के विरुद्ध पिता की हत्या का आरोप लगाते हुए थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना लोनी कटरा के छंदरौली की है।

दिनेश उर्फ नन्नू (46) नशे का आदी था। नशे की लत के चलते वह सारी जमीन बेच चुका था। शनिवार की रात दिनेश ने अपने बड़े बेटे प्रांशु (22) से शराब की मांग की। शराब पीने के बाद दिनेश की प्रांशु से कहासुनी और मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान नशे में धुत्त दिनेश लिंटर पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दिनेश को प्रांशु ने लखनऊ के गोसाईगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। प्रांशु ने पिता को भिलवल स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सोमवार को दिनेश की मौत हो गई। प्रांशु के छोटे भाई रमेश की तहरीर पर लोनीकटरा पुलिस ने पिता की हत्या के आरोप में बड़े भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

**पवित्र रमजान आज से**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : रमजान का पवित्र महीना मंगलवार से शुरू हो गया। अगले एक महीने तक रोजेदार रोजा रखने के साथ ही खुदा की इबादत करेंगे। रमजान की पूर्व संध्या पर शहर से लेकर गांव तक की तमाम मस्जिदों की साफ-सफाई की गयी। इस दौरान विभिन्न बाजारों में खरीदारों की चहल-पहल रही। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता रखने के लिए पुलिस अधिकारियों ने फोर्स के साथ गश्त की। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि रमजान के दौरान मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। तो वहीं नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों की तरफ से मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई और चूने का छिड़काव करवाया गया है।

रमजान को लेकर बाजार में तमाम तरह की सेवइयां, खजूर और ड्राइ फ्रूट्स की भरमार दिखी। दुकानों पर बिक रहे सबसे महंगे अजुआ वैरायटी के खजूर की कीमत 1200 रुपये प्रति किलो है। जबकि कलमी खजूर 800 रुपये प्रति किलो, अस्वादी और शुक्री खजूर 500 रुपये प्रति किलो की कीमत पर उपलब्ध है।

शहर की तैय्यबा मस्जिद नेहरू नगर के इमाम मो. शारिक ने बताया कि पहले रोजे में सेहरी के खत्म होने का समय सुबह 5 बजकर एक मिनट है। वहीं इफ्तार का समय शाम 6 बजकर बारह मिनट है। यानी पहला रोजा 13 घंटे 13 मिनट का है।



रमजान की पूर्व संध्या पर सेंवई व अन्य चीजों की खरीदारी करते लोग।

### सहरी व इफ्तारी के समय का रखें ख्याल : मो. उमेर



ईदगाह कमेटी के सदर हाजी मो. उमेर किदवई ने कहा कि एहतराम से रोजा रखें। साथ ही सहरी और इफ्तार का ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि इस्लाम में 13 से 14 उम्र के बच्चे रोजा रख सकते हैं। वहीं इसके नीचे के बच्चे अगर रोजा रखते हैं तो इसका सबाब उनके पिता को जाता है। मो. उमेर ने कहा कि सहरी और इफ्तारी के वक्त का जरूर ख्याल रखें। वक्त से पहले न तो सहरी करें और न ही इफ्तारी।

# राममंदिर निर्माण से पांच सौ वर्षों का सपना साकार:शर्मा

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार** : सोमवार को दरियाबाद से अद्रा व टिकैतनगर के लोनियन पुरवा सम्पर्क मार्ग का अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह व राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण कर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार जनोपयोगी योजनाएं चला रही है। इसका लाभ पात्रों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राममंदिर के निर्माण से पांच सौ वर्ष पुराना सपना साकार हुआ है । सांसद लल्लू सिंह ने लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे रेलवे लाइन के दोहरीकरण, एयरपोर्ट का निर्माण, जिले में सड़कों का संजाल यह सब विकास विकास भाजपा सरकार ने किया है। सांसद ने कहा कि सरकार की योजनाएं जाति मजहब से हटकर सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर काम कर रही हैं। सांसद ने ग्रामीणों की मांग पर नारायणपुर से इटौरा मार्ग का नवनिर्माण कराए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर पवन सिंह रिंकू, सांसद प्रतिनिधि बाबा प्रमेंद्र विक्रम सिंह, महेश गुप्ता, नवीन तिवारी, लक्की सिंह, राम आशीष, मुरली, वफा मोहम्मद, गिरजेश वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




संपर्क मार्ग का लोकार्पण करते अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह और राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा। अमृत विचार

# अधिवक्ताओं की हड़ताल समाप्त

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार** : निर्विवादित पत्रावलियों का समय से निरस्तारण न किये जाने के विरोध में अधिवक्ताओं ने करीब एक सप्ताह से जारी हड़ताल सोमवार को समाप्त कर दी। दि बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित आपात बैठक में सर्वसम्मति से हड़ताल को समाप्त करने का फैसला किया गया। हालांकि अब भी तहसीलदार न्यायिक के न्यायालय का कार्य बहिष्कार जारी रखने पर सभी अधिवक्ताओं की सहमति बनी है।

बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम ने कहा कि तहसील में एसडीएम न्यायालय, एसडीएम न्यायिक न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, तहसीलदार न्यायिक न्यायालय, नायब तहसीलदार कुर्सी, फतेहपुर, बिशुनपुर न्यायालय में निर्विवादित पत्रावलियों का निस्तारण करने में अधिकारी देरी कर रहे थे। इसे लेकर एक सप्ताह से न्यायालय का कार्य अधिवक्ताओं ने बहिष्कार कर रखा था। अधिकारियों से निर्विवादित पत्रावलियों का समय अनुरूप निस्तारण किये जाने पर सहमति हुई है। इस मौके पर महामंत्री सजय सिंह, राजीव नयन तिवारी, बंशीलाल वर्मा, अनीक अहमद सिद्दीकी, सतीश वर्मा, नफीस अहमद, केके, अवधेश सिंह और राम औतार गौतम आदि मौजूद थे।

**सार-संक्षेप**

### दिल्ली से पैदल रामनगरी जा रहे श्रद्धालुओं का किया स्वागत



दिल्ली से पैदल रामनगरी जाता श्रद्धालुओं का जत्था। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : दिल्ली के जमुना बाजार के मरघट वाले बाबा के हनुमान मंदिर से जय श्रीराम जनमानस कल्याण समिति द्वारा 25 फरवरी को चली यात्रा सोमवार को रामनगर पहुंची । इक्कीस दिवसीय इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में जय श्री राम का उद्घोष के साथ भजन कीर्तन करते हुए रामनामी धारण किए श्रद्धालुओं का क्षेत्रीय लोगों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। स्थानीय लोगों ने राम दरबार से सजी झांकी का दर्शन कर रथ के पीछे चल रहे जत्थे जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यह पद यात्रा रामनगर-बदोसराय मार्ग होते हुए अयोध्या रवाना हो गयी। रथ पर सजी राम दरबार की झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। अध्यक्ष बीना रावत के नेतृत्व में चल रही इस पद यात्रा में परमजीत सिंह आनंद, सुप्रसिद्ध समाजसेवक अनिल मित्तल, प्रमोद शर्मा, निश्चल जैन, नरेंद्र अग्रवाल, प्रभाकर प्रताप,मेहरा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं। सहयोगी सुशील खन्ना ने बताया कि समिति द्वारा पूर्व में पदयात्रा अयोध्या धाम आयी थी। उसके पीछे संकल्प था कि जब श्री राम मंदिर बनकर तैयार होगा तो फिर से पदयात्रा लेकर अयोध्या धाम आएंगे। 21 दिवसीय यह यात्रा उसी संकल्प को लेकर की जा रही है।

### पुराणों में मां अनुसूया को प्राप्त है सती शिरोमणि का दर्जा

**निन्दूरा ,बाराबंकी, अमृत विचार** : क्षेत्र के बिसाई स्थित मोहनपुर में तीन दिवसीय श्रीरामकथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा व्यास द्वारिकानंद ने मां अनुसूया की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि पुराणों में मां अनुसूया को सती शिरोमणि का दर्जा प्राप्त है। कथा व्यास ने कहा कि एक बार महर्षि नारद ने त्रिदेवियों सरस्वती, लक्ष्मी व पार्वती से कहा कि तीनों लोकों में अनुसूया से बढ़कर कोई सती नहीं है। सती मां अनुसूया को पुत्रदायिनी के रूप में पूजा जाता है। कथा के आयोजक सुभाष यादव ने बताया कि मंगलवार को विशाल कन्या भोज व भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस मौके पर देवराज यादव, अंकुल यादव, राजाराम यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।



कथा सुनाते व्यास द्वारिकानंद।

### श्रीमद्भागवत कथा से पहले निकाली गई कलश यात्रा



लक्ष्मीनारायण मंदिर से कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**रामसनेही घाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : नगर पंचायत राम सनेही घाट के लक्ष्मी नारायण मंदिर सुमेरगंज में सोमवार से सात दिनों तक आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा से पहले गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए मंदिर पर आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा दिन में 11 बजे निकाली गई। इसमें बालिकाएं और महिलाएं अपने सिर पर 108 कलश रखकर मंदिर प्रांगण से निकलकर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों से होते हुए गुजरीं। कलश यात्रा में बज रहे भक्ति गीतों पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा पुन: मंदिर पर आकर समाप्त हो गई। मंदिर पर कलश यात्रा पहुंचने के बाद हवन-पूजन एवं यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया। शाम को 5 बजे से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा के यजमान करुणा शंकर गुप्ता, गिरीश गुप्ता, रितेश गुप्ता, आलोक गुप्ता राहुल, अंकुर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# घर से चोरों ने पार की नकदी और जेवर


रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के सिलौटा गांव में रविवार रात को एक घर में नकब लगाकर घुसे चोर हजारों की नकदी व सोने-चांदी के जेवर उठा ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस व डॉग स्क्वाड की टीम जांच पड़ताल में जुट गयी। ग्राम सिलौटा के निवासी रामहेत यादव के घर की दीवार में सेंध लगाकर अज्ञात चोर कमरे में घुसे और बक्से में रखी 15 हजार रुपए की नकदी व लाखों के सोने-चांदी के जेवरर चोरी कर ले गए। सोमवार की सुबह परिजनों की नींद खुली तो देखा कि घर की दीवार में सेंध लगी थी और पीछे खेत में बक्से का सामान पड़ा था। थाना प्रभारी रत्नेश पांडेय व हल्का दरोगा रमेश पांडेय ने जांच शुरू की।



चोरों द्वारा खेत में छोड़ा गया सामान।

## थाने के पास दुकान में चोरी का प्रयास



चोरों द्वारा दुकान में लगायी गयी सेंध।

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार** : थाने से चंद कदम की दूरी पर रविवार रात चोरों ने एक दुकान में नकब लगा दी। अंदर घुसे चोर किसी के आने की आहट पाकर भाग गए। पुलिस ने मौका मुआयना किया। देवीगंज चौराहे पर ओंकार पाल की आभूषणों की दुकान है। रविवार रात नकब लगाकर चोर दुकान में घुसे। इसी बीच किसी की आहट पाकर चोर भाग खड़े हुए।

# घर में मिला महिला का शव

**रहस्य गहराया**

टिकैतनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार** : स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ग्राम खेतासराय में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव घर के अंदर मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि महिला के परिवारवालों ने पुलिस के पास किसी तरह की शिकायत नहीं दर्ज करायी है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

खेतासराय निवासिनी सितारा देवी (33) पत्नी पवन कुमार का शव घर के भीतर कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टिकैतनगर पुलिस मौके पर पहुंची। इस सम्बंध में कोतवाल टिकैतनगर संजीत कुमार सोनकर का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार** : थाना घुंघटेर क्षेत्र के जमोलिया गांव में सोमवार को नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटका मिला। मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हालांकि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। दरअसल गांव के निवासी रामू का विवाह 5 महीने पहले सीतापुर जिले के पारा प्रसादी पुरवा निवासी शशि के साथ हुआ था। रामू बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहा है। अपने इलाज के लिये रामू एक निजी अस्पताल में भर्ती है। इस दौरान शशि घर पर ही दीवाल में लगे लोहे के पाइप में दुपट्टे से फंदे के सहारे लटक गई। परिवार के लोगों ने शशि का शव लटका देखा तो घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे घुंघटेर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भिजवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कोई शिकायत पत्र नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

**राह आसान** | योजना की शुरुआत से अब तक 28426 बेटियों को छह चरणों में मिली धनराशि, 32 हजार मिले लक्ष्य से अधिक बेटियों को मिला लाभ

# कन्या सुमंगला योजना से 33162 बेटियों के चेहरे पर आयी मुस्कान

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार** : आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों की शिक्षा की राह मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से आसान हुई है। योजना की शुरुआत से अब तक 33 हजार 162 पात्र बेटियों को छह चरणों में अलग-अलग निर्धारित राशि से लाभान्वित किया जा चुका है। खास बात यह है कि जिले ने 32 हजार लक्ष्य से अधिक बेटियों को योजना से लाभान्वित किया है। योजना के तहत सरकार द्वारा बेटी के जन्म से लेकर स्नातक व डिप्लोमा की पढ़ाई में मदद दी जा रही है।




तीन लाख रुपये सालाना कमाई वाले परिवार की बेटियां कन्या सुमंगला योजना का लाभ पा रही हैं। योजना छह श्रेणियों में संचालित है। सभी श्रेणियों में हर बेटियों की तलाश करनी है।

अभी तक विभाग द्वारा श्रेणी एक में 12260, श्रेणी दो में 6837, श्रेणी तीन में 4936, श्रेणी चार में 2314, श्रेणी पांच में 1590 व श्रेणी छह में 489 बेटियों को लाभ दिया जा चुका है। योजना के तहत पहली श्रेणी में जन्म लेनी वाली बेटी को दो हजार रुपये, दूसरी श्रेणी में एक वर्ष के अंदर टीकाकरण कराने वाली बेटी को एक हजार रुपये, तीसरी श्रेणी में कक्षा एक में प्रवेश लेने वाली बेटी को दो हजार रुपये, चौथी श्रेणी में कक्षा छह में प्रवेश लेने वाली बेटी को दो हजार रुपये, पांचवीं श्रेणी में कक्षा नौ में प्रवेश लेने वाली बेटी को तीन हजार रुपये व छठवीं श्रेणी में स्नातक या डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने वाली बेटी को पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद मिलती है।

### पात्र अभिभावक ऐसे करें आवेदन

बेटी का फोटो, अभिभावक के साथ संयुक्त फोटो, माता-पिता का आधार कार्ड अथवा अन्य पहचान पत्र, तीन लाख सालाना आय का ब्योरा, बैंक पासबुक की छायाप्रति व मोबाइल नंबर आवेदन के साथ देना होगा। श्रेणी एक में एक अप्रैल 2023 या उसके बाद जन्मी बच्ची का जन्म प्रमाण पत्र, श्रेणी दो में एक अप्रैल 2022 या उसके बाद जन्मी बेटी का टीकाकरण प्रमाण पत्र देना होगा। श्रेणी तीन व चार में स्कूल के प्रधानाध्यापक, पांच में विद्यालय के प्रधानाचार्य से निर्गत प्रवेश प्रमाण पत्र एवं छह में प्रवेश की रसीद, कॉलेज से जारी पहचान पत्र, इंटरमीडिएट का अंकपत्र व प्रमाण पत्र लगाना होगा।

### अगले वित्तीय वर्ष में मिलेगी बढ़ी धनराशि

कन्या सुमंगला योजना में अगले वित्तीय वर्ष से बढ़ी धनराशि दी जाएगी। अब 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है। श्रेणी एक में दो की जगह पांच हजार, श्रेणी दो में एक की जगह दो हजार, श्रेणी तीन में दो की जगह तीन हजार, श्रेणी चार में दो की जगह तीन हजार, श्रेणी पांच में तीन की जगह पांच हजार व श्रेणी छह में पांच की जगह सात हजार रुपये मिलेंगे।

### लक्ष्य से अधिक बेटियों को मिला योजना का लाभ

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में ऑनलाइन आवेदन कराया जा रहा है। 32 हजार लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 1162 अधिक बेटियों को लाभ दिया जा चुका है। प्रक्रिया जारी है।

– **डॉ.पल्लवी सिंह**, जिला प्रोबेशन अधिकारी

# बीडीओ ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया निरीक्षण

खीरो, रायबरेली

**अमृत विचार।** सोमवार को खंड विकास अधिकारी खीरो ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की छात्राओं से शिक्षा, खाने-पीने व रहने की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने चार दिन पूर्व विद्यालय के अव्यवस्थाओं का वायरल वीडियो से संबंधित छात्राओं, शिक्षिकाओं व वार्डेन से जानकारी लेते हुए भविष्य में घटना की पुनरावृत्ति न होने के निर्देश दिए।

कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय खीरो पहुंची खंड विकास अधिकारी खीरो डॉ. अंजू रानी वर्मा ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वार्डेन पर आरोप लगाने वाली छात्रा आदि के मामले की जानकारी ली। विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्राओं को आश्वासन दिया कि आप लोग निर्भीक होकर पढ़ाई करें। विद्यालय के साथ ही उच्चाधिकारियों द्वारा आपकी शिक्षा, स्वास्थ्य व खानपान के संबंध में विशेष ध्यान दिया जाएगा। आप लोगों के साथ किसी के द्वारा कोई भेदभाव या गलत व्यवहार नहीं किया जाएगा। वायरल वीडियो के आरोपों की उच्चाधिकारियों द्वारा की गयी जांच में दोषी मिलने वाले के विरुद्ध कार्यवाही होगी।

वायरल होने वाले वीडियो के संबंध में वार्डेन व शिक्षिकाओं को निर्देश दिया कि आप लोग कोई समस्या हो तो उसे उचित माध्यम से उच्चाधिकारियों तक पहुंचाए। छात्राओं का वीडियो बनाकर वायरल करने से विद्यालय, शिक्षा विभाग के साथ ही शासन प्रशासन की छवि धूमिल होती है और समाज में गलत संदेश जाएगा।

बीडीओ डॉ अंजू रानी वर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे समाचारों को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खीरों औचक निरीक्षण किया गया है। वार्डेन और शिक्षिकाओं को सामंजस्य बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

# लोकतन्त्र की सशक्त तस्वीर उंगली पर नीली लकीर

**मतदाता जागरूकता रैली और मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का दिया संदेश**

**खीरो, रायबरेली, अमृत विचार।** सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ब्लाक मुख्यालय के कस्बा खीरों में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इस रैली को एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली की शुभारम्भ एडीएम द्वारा विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, शिक्षकों व ग्रामीणों को मतदान की शपथ दिलाकर किया गया।

रैली खीरो चौराहा से प्रारम्भ होकर सीएचसी तिराहे पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लगभग दो हजार बच्चों ने कार्यक्रम स्थल से सीएचसी तक लगभग दो किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाकर निर्भय हो मतदान करेंगे देश का हम सम्मान करेंगे, मतदान हमारा अधिकार है।

लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर, उंगली पर नीली लकीर, सबको बताओ यह अधिकार, मतदान ही है हमारा हथियार, मेरा वोट मेरा अधिकार आदि नारे लगाते हुए निर्भीक होकर प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया और अपील की। इस अवसर पर एसडीएम लालगंज मनोज कुमार, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, बीडीओ डा. अंजूरानी वर्मा, बीईओ मुकेश कुमार, सार्जन सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, ग्रामीण और विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।



# कलश यात्रा निकाल विश्व शांति का दिया संदेश

**परशदेपुर, रायबरेली।** विकास खंड डीह के ग्राम सभा अटावां में श्रीमद्भागवत कथा की कलश शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। कलशयात्रा कथा मंडप से शुरू होकर गांव के बाहर देव बाबा के स्थान से शोभा यात्रा शुरू होकर पंडित का पुरवा, परशदेपुर मुख्य चौराहा, माता मिढ़ुरिन मंदिर, राम सागर, साकेतनगर चौराहा, मटियारा चौराहा से होते हुए सई नदी में जल भरकर मिश्र का पुरवा, दिलावलपुर, रसीदपुर होते हुए अशावर देवी मंदिर व अटावा गांव के सभी मंदिरों पर जाकर विधि विधान से पूजन हुआ। यजमान रंजीत सिंह व सुशीला सिंह ने भागवत भगवान् की पूजा-अर्चना की। पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। कथा वाचक बद्री विशाल ओझा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होता है। उन्होंने बताया कि श्री मद्भागवत गीता में धर्म की सम्पूर्ण व्याख्या है, जहां गीता समाप्त होती है। वहीं से श्रीमद्भागवत प्रारम्भ होती है। कलशयात्रा में आचार्य जय प्रकाश पांडेय, दया शंकर तिवारी, पूर्व प्रधान दिलीप सिंह, सचिन सिंह, भीम सिंह, प्रदीप, राम बरन सिंह, शिव शंकर सिंह, बीरेंद्र सिंह बैश, ललित सिंह, शिव कुमार, समर बहादुर सिंह, जयकेश सिंह, सत्यम सिंह, सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बूढ़ेश्वर महादेव मन्दिर में 48वां रूद्र महायज्ञ शुरू



रूद्र महायज्ञ कराने वाले आचार्य व उनके सहयोगी।

**अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के सुल्तानपुर खेड़ा गांव स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मन्दिर में सोमवार को 48वां सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ आरम्भ हो गया। भव्य शोभायात्रा के उपरान्त मन्दिर प्रांगण में मां दुर्गा व न्याय के देवता शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ योग्य यज्ञाचार्यों अभयानन्द शास्त्री, अश्वनी शास्त्री, बाबू शंकर शास्त्री, श्री गोकरन प्रसाद व अजय शंकर पाण्डेय द्वारा कराई गई। मां दुर्गा और शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा व रुद्र महायज्ञ के उपलक्ष्य में 12 मार्च से सात दिवसीय भागवत कथा प्रारम्भ होगी। यज्ञ की पूर्णाहुति 18 मार्च को होगी। भागवत कथा में भक्तजन विद्वान कथा वाचक हरिमंगल परासर (श्रीधाम वृन्दावन), हेमंत तिवारी (गोरखपुर), राघव रामायणी (इटावा), बलराम शास्त्री (झांसी), राम बिहारी (जालौन), मधुसूदन शास्त्री (अयोध्या), पूर्णेन्द्र शास्त्री (रायबरेली) एवं अखिलेश उपाध्याय (गाजीपुर) की अमृतवाणी से कथा का रसपान कर सकेंगे।

### एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एम्स प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** गौरव सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इलाज के लिए पूर्व सेनानियों को इधर-उधर न भटकना पड़े इसके लिए एम्स प्रशासन से मिलकर मुफ्त में इलाज किए जाने की मांग की है। सोमवार को कप्तान राज पाल सिंह भदौरिया (सेवा निवृत्त), संस्थापक एवं अध्यक्ष गौरव सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन के निर्देश पर संस्था के महासचिव जितेन्द्र बहादुर सिंह एवं महामंत्री संतोष कुमार त्रिपाठी ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुंशीगंज जाकर गौरव सेनानियों एवं उनके आश्रितों की मेडिकल सुविधाएं और उपचार के लिए एम्स प्रशासन के उप निदेशक डॉ. एसके सिंह को ज्ञापन सौंपा। उप निदेशक के निर्देश पर न्यूरो सर्जन एवं मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सुयस सिंह से कैशलेश उपचार के लिए एवं इंपैनल अस्पताल के लिए अतिशीघ्र कागजी कार्रवाई पूर्ण कराकर सभी प्रकार की सुविधा दिलाने एवं आपरेशन कराने के लिए भारत सरकार रक्षा मंत्रालय से मेमोरेंडम ऑफ अंडर स्टैंडिंग अतिशीघ्र हस्ताक्षर कराने के लिए संस्था को आश्वस्त किया।

### मुख्यालय पर मनाई जाएगी मान्यवर कांशीराम की जयंती

**अमेठी।** 15 मार्च को बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की जयंती सभी जिला मुख्यालयों पर मनाई जाएगी। विचार गोष्ठी बसपा संस्थापक के जीवन दर्शन के साथ बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के मानवतावादी सामाजिक परिवर्तन के मूवमेंट की उपलब्धियों और चुनौतियों पर संवाद होगा। बहुजन समाज पार्टी के मंडल प्रभारी महेन्द्र प्रताप आनंद ने बताया कि मान्यवर कांशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब प्रांत के रोपड़ जनपद के खवासपुर गांव में हुआ था। पुने रिसर्च इंस्टीट्यूट से सहायक वैज्ञानिक की नौकरी से त्याग पत्र देने के बाद उन्होंने डॉ. अम्बेडकर मिशन का काम शुरू किया था। 6 दिसम्बर 1978 को बामसेफ, 6 दिसम्बर 1981 को बीएसफोर और 14 अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी बनाई थी। कांशीराम के जीवन काल में ही बसपा को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया था। वर्तमान समय में बसपा नम्बर तीन की राष्ट्रीय पार्टी है। 15 मार्च को साहब कांशीराम की जयंती उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर मनाई जाएगी। कार्यकर्ताओं को होल्डिंग्स लगवाने के निर्देश दिए गए हैं।

### ट्रेलर की चपेट में आने से महिला की मौत, पति गंभीर

**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद में आये दिन तेज रफ्तार का कहर देखने को मिल रहा है ऐसे में ताजा मामला सोमवार दोपहर का है जहां पर थाना क्षेत्र जायस के अन्तर्गत बक्शी का पुरवा निवासी आशिमा (22) अपने पति शमीम के साथ बाइक से मुंशीगंज हॉस्पिटल इलाज कराने गए थे। इलाज कराने के बाद वापस घर जाते समय गौरीगंज कोतवाली के काजीपट्टी के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें पत्नी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और पति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल युवक को जिला अस्पताल भेज दिया गया। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी गौरीगंज ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा कर पीएम को भेज दिया गया है, अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# नृत्य एवं गायन का किया गया आयोजन



आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली महिलाएं।

लालगंज, रायबरेली।

**आयोजन**

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में आयोजित प्रतियोगिता में महिलाओं ने किया प्रतिभाग**

**अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में विश्व महिला दिवस पर सोमवार को महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष भारती मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में आरेडिका में कार्यरत महिला रेल कर्मचारियों द्वारा सरस्वती वन्दना, महिलाओं के सशक्तिकरण पर वाक्, काव्यपाठ, नृत्य, गायन आदि प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने विश्व महिला दिवस के आयोजन पर सभी रेलवे महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह कार्यक्रम कर्मचारी कल्याण संगठन तथा अन्य विभागों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने सभी विजेता महिला कर्मचारियों को उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा तथा महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव, बीना तिवारी, अनुपमा कपूर, सुधा सिंह एवं अन्य महिला अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहीं।

# रेलवे कर्मचारी ने कमरे में फंदा लगाकर दी जान

**संवाददाता, रायबरेली:** बछरावां थाना क्षेत्र के थुलेंडी गांव निवासी रेलवे कर्मी का शव घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला। शव मिलने के बाद कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निवासी रामराज पुत्र जमुना का शव घर में उस समय लटकता मिला जब परिवारीजन घर से बाहर थे। जब अंदर आए तब देखा कि अपने कमरे को बंद करके अंदर रामराज ने फांसी लगा ली है। मामले की सूचना पुलिस को देने के बाद रामराज को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां पर चिकित्सक ने परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया। मृतक रामराज लखनऊ जनपद में रेलवे विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। वही उसकी शादी लगभग दो वर्ष पूर्व मुंशीगंज रायबरेली से हुई थी। घटना के बाद पत्नी प्रीति, मां सुनीता व पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिलने पर उसके घर पर लोगों की भीड़ जुट गई। कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मामले की जांच की जा रही है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

**छोटे-छोटे बच्चों ने कार्यक्रम में डांस, गीत-संगीत से खूब मचाया धमाल**

संवाददाता, रायबरेली



फास्टर किड्स प्ले स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों के साथ मौजूद पद्मश्री सुधा सिंह, सदर विधायक अदिति सिंह व अन्य।

**अमृत विचार।** फास्टर किड्स प्ले स्कूल में विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री सुधा सिंह, विशिष्ट अतिथि रायन इंटरनेशनल स्कूल प्रधानाचार्य सदफ खान ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने डांस, गीत-संगीत से खूब धमाल मचाया। शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चे ही देश के भविष्य हैं। अनुशासित और संस्कारिक शिक्षा से देश का गौरव बढ़ाएंगे। सदर विधायक का विद्यालय प्रबंधक प्रवेश नारायण सिंह और प्रधानाचार्या अर्चना सिंह ने श्री राम मंदिर की प्रतिमा देकर स्वागत किया। सदर विधायक ने विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त बच्चों की खूब हौसला-अफजाई की एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

मंच का संचालन गायक अमित सिंह ने किया। इस मौके पर डा. संजय सिंह चौहान, डॉ. अजेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. कौशिक गुहा विश्वास, डॉ. देवाशीष पांडा, अखिलेश प्रताप सिंह, एएन सिंह, आलोक कुमार सिंह, सनोज त्रिवेदी, डॉ मनीष सिंह चौहान, सुधीर सिंह, गौरव शुक्ला, डॉ रवि प्रताप सिंह, डॉ. विवेक द्विवेदी, बृजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# भागवत कथा में संपन्न हुआ शिव पार्वती का विवाह

ऊंचाहार, रायबरेली

**संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं : पंडित विपिन**

**अमृत विचार।** वर्तमान समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। जिस प्रकार जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है, उसी प्रकार संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं है। जीवन में विवाह भी एक पवित्र संस्कार है। यह प्रेरक प्रसंग क्षेत्र के कबीर बाबा चौराहा के पास चल रही भागवत कथा में वृंदावन से आए कथावाचक पंडित विपिन पांडेय ने भगवान शिव और पार्वती के विवाह की कथा सुनाते हुए व्यक्त किया।

प्रारंभ में पुरोहित सियाराम कौशल और उर्मिला कौशल ने व्यासपीठ का अभिनंदन किया। कथावाचक ने बताया कि ध्रुव ने आत्मविश्वास के साथ पांच वर्ष की अवस्था में ईश्वर को प्राप्त कर लिया। हमें भी आत्मविश्वास से ओम नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र का जाप करना चाहिए, क्योंकि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनु शतरूपा की कन्या आकूति का विवाह पुत्रिका धर्म के अनुसार रुचि प्रजापति से और प्रसूति कन्या का विवाह ब्रह्माजी के पुत्र दक्ष प्रजापति से हुआ।

उससे उन्होंने सुंदर नेत्रों वाली सोलह कन्याएं उत्पन्न कीं। इनमें से तेरह कन्याएं श्रद्धा, मैत्री, दया, शांति, तुष्टि, पुष्टि, क्रिया, उन्नति, बुद्धि, मेधा, तितिक्षाए और मूर्तिद्ध धर्म की पत्नियां बनीं। अग्निदेव स्वधा नामक कन्या समस्त पितरों की तथा सती नाम की कन्या महादेव की पत्नी बनीं। उन्होंने कहा कि सती अपने पतिदेव की सेवा में ही संलग्न थीं।

दक्ष प्रजापति की सभी कन्याओं को संतान की प्राप्ति हुई, लेकिन सती के पिता दक्ष ने बिना किसी अपराध के भगवान शिवजी से प्रतिकूल आचरण किया था। भागवत कथा के दौरान धार्मिक भजन गाए गए। जिन पर श्रद्धालु थिरके। इस दौरान भगवान शिव पार्वती विवाह की झांकी निकली। इस मौके पर हरिश्चंद कौशल, पूर्व प्रधान लालचंद कौशल, अभिलाष कौशल, उमेश कौशल, बबलू कौशल, मनीष कौशल, शशिधर पांडे, शिवबरन मौर्य, वृंदावन अग्रहरि, दिनेश अग्रहरि, शीतला प्रसाद मौर्य, बृजेश मौर्य, नरेंद्र कुशवाहा, दिनेश मिस्त्री, राजू मिस्त्री आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** सत्य साई महाविद्यालय गंगोली में सोमवार को शासन द्वारा प्राप्त मोबाइल फोन का वितरण स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा कि शिक्षा के जरिए ही ऊंचा मुकाम प्राप्त कर सकते हैं।

आज नारी शक्ति पूरे देश विश्व में अपनी शक्ति सामर्थ्य को प्रदर्शित कर रही है, जहां शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों, बच्चियों ने उच्च स्थान प्राप्त किया है। वहीं सेवा के क्षेत्र में भी ऊंचे पदों पर बैठी हैं। राजनीति के सर्वोच्च पदों पर महिलाओं का आना महिला सशक्तिकरण की बड़ी मिसाल है, सुदूर ग्रामीण अंचल में छात्राओं को गुणवत्ता परक शिक्षा देने के लिए जिस तरह विद्यालय का प्रबंधन और यहां का स्टॉफ कटिबद्ध है।

स्कूल के व्यवस्थापक उदय प्रताप सिंह सोनू ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सत्य साई महाविद्यालय का उद्देश्य क्षेत्र में गुणवत्ता परत उच्च शिक्षा देना है विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र यादव ने कहा कि मोबाइल फोन पाकर के छात्र-छात्राओं को अध्ययन में सहूलियत मिलेगी। सरकार की मंशा है कि हर बच्ची पढ़े हर बच्चा पढ़े मोबाइल फोन इस मंशा का अनुरूप आज मोबाइल फोन दिए जा रहा है।


**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

**ई-निविदा सूचना** – अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित कार्य में दक्ष जिन्हे सम्बन्धित कार्य का पूर्व में अनुभव हो या वर्तमान में कार्य कर रहे हो, आयकर तथा जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र धारक अनुभवी ठेकेदारों/ फर्मो/ कार्यदायी ऐंजेन्सियों से विभागीय निविदा विशिष्टीकरण के सम्मुख अंकित कार्य/ आपूर्ति हेतु ई-निविदायें अलग-अलग दो भागों में, ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की अवधि, निविदा विस्तारण, पुर्नप्रकाशन, शुद्धि पत्र, संशोधन की सूचना UP Govermemt की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखें जा सकते है, एवं डाउनलोड करते हुये मूलरूप में प्रयोग किये जायेंगे। निविदा प्रपत्रों को एडिट करके अलग से टंकित कराकर प्रयोग किये हुए मान्य नही होगें। निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य जो कि अप्रतिदेय है एवं प्रत्येक की निर्धारित धरोहर धनराशि अलग-अलग EXECUTIVE ENGINEER ELECTRICITY TEST DIVISION-II, U.P POWER CORPORATION LTD-RAEBARELI के ICICI BANK के खाता सं0 081205500344/ IFS Code ICIC0000812 में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑन-लाइन जमा किया जायेगा एवं साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या, पे-इन स्लिप की मूल प्रति निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य सम्पूर्ण वितरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा खुलने की तिथि 09.04.2024 निर्धारित है। (1) ई-निविदा सं0: 194 / विविमद्विरा/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-ऊँचाहार के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान-2024-25 के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र-गदागंज से निर्गत 11 केवी धूता फीडर एवं 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र-ऊँचाहार से निर्गत 11 केवी अरखा फीडर के विभक्तीकरण का कार्य एवं 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र-ऊँचाहार से निर्गत 11 केवी कन्दरांवा के अन्तर्गत 06 किलोमीटर 11 केवी नयी लाइन का निर्माण। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित ।) धरोहर धनराशि रू0 16000.00 । (2) ई-निविदा सं0: 195/ विविमद्विरा / 2023-24 विद्युत वितरण खण्ड ऊँचाहार के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान-2024-25 के अन्तर्गत समस्त उपकेन्द्रों के प्रोटेक्शन कार्य हेतु 26 अद्द सी0टी0 एवं 04 अद्द 33 केवी वी0सी0बी0 स्थापित कराने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित ।) धरोहर धनराशि रू0 17000.00 । (3) ई-निविदा सं0: 196/ विविमद्विरा/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-ऊँचाहार के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान-2024-25 के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र-ऊँचाहार, ऊँचाहार तससील, जमुनापुर, रोहनियां, के अन्तर्गत समस्त 11 केवी फीडरों में लम्बे स्पैनों को कम करने एवं लकड़ी के क्रास आर्म बदलने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 18000.00 । (4) ई-निविदा सं0: 197 / विविमद्विरा/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-ऊँचाहार के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान-2024-25 के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र- रसूलपुर, जगतपुर, इटौरा बुजुर्ग एवं गदागंज के अन्तर्गत समस्त 11 केवी फीडरों में लम्बे स्पैनों को कम करने एवं लकड़ी के क्रास आर्म बदलने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 16000.00 । (5) ई-निविदा सं0: 198 / विविमद्विरा / 2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-ऊँचाहार के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान-2024-25 के अन्तर्गत समस्त 11 केवी आउटडोर फीडरों को डबल सर्किट किया जाना एवं समस्त पावर परवर्तकों से इनकमिंग पैनल तक डबल सर्किट एक्स0एल0पी0ई0 केबल लगाये जाने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 5000.00 । (6) ई-निविदा सं0: 199/ विविमद्विरा/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-ऊँचाहार के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान-2024-25 के अन्तर्गत विभिन्न उपकेन्दों पर 33 केवी आइसोलेटर लगाये जाने का कार्य एवं विभिन्न रोड क्रासिंग तथा सार्वजनिक स्थलों में जर्जर कण्डक्टर बदलने एवं गार्डिग कराने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित ।) धरोहर धनराशि रू0 17000.00 । **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल – द्वितीय रायबरेली ''बल्ब एवं सी0एफ0एल के स्थान पर एल0ई0डी0 जलायें । राष्ट्रहित में बिजली बचायें।''** पत्रांकः- 3429/वि0वि0 मं0द्वि0रा0/निविदा प्रका0/ 2023-24 दिनांकः- 11.03.2024


# जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक

संवाददाता, अमेठी



बैठक में समीक्षा लेतीं डीएम व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी, व्यापारी व स्टेक होल्डर्स मौजूद रहे। बैठक में मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं रोकथाम के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग एवं ड्रग विभाग द्वारा मारे गए छापों के संबंध में जानकारी ली जिस पर अभिहित अधिकारी राजेश द्विवेदी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 165 विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 169 नमूने संग्रहित किए गए। जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजा गया। 144 नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिनमें से 99 नमूनों की जांच रिपोर्ट मानक के अनुरूप नहीं आई है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में ए.ओ. कोर्ट में कुल 146 मामले पंजीकृत कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में दूध के 35 नमूने संकलित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। 28 नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें 20 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। बैठक में ड्रग निरीक्षक ने बताया कि ड्रग विभाग द्वारा बगैर लाइसेंस संचालित 7 मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की गई जिसमें से 6 के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किया गया।

# डीएम-एसपी ने थाना अमेठी व मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने सोमवार को संयुक्त रूप से थाना अमेठी तथा अमेठी के देवीपाटन इंटर कॉलेज व प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन अमेठी में बने मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण किया कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम डीएम व एसपी ने अमेठी थाने का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कंट्रोल रूम, कार्यालय आदि का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों को जांचा, शिकायती प्रार्थना पत्रों व विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक अमेठी को निर्देशित किया। इसके उपरांत उन्होंने अमेठी के देवीपाटन इंटर कॉलेज व प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी, सीओ ललन सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# जेसीबी से टकराई बाइक, जीजा-साले घायल

**बाजारशुक्ल, अमेठी।** थानाक्षेत्र पूरे पांडे मजरे मांझगांव में वाशु इंटरप्राइजेज द्वारा सड़क निर्माण में लगी जेसीबी से बाइक जेसीबी के बकेट से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों युवकों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया है। पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पुरे पांडे गांव का है। शिवली से संसारपुर तक सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है। अचानक पूरे स्वरूप से शादी के लिए मट्ठा लिए राम मगन पुत्र राम स्वरूप पूरे पांडे मांझगांव शुकुल बाजार व हरिराम पुत्र राम कृष्ण निवासी ग्राम थाना असंद्रा जनपद बाराबंकी जो कि राम स्वरूप पूरे पांडे के यहां आज शादी में शामिल होने आए थे, जेसीबी के बकेट से जीजा साला चपेट में आ गए। जिनको गंभीर चोटें आई, दुर्घटना की सूचना गांव वालों को मालूम हुई। गांव की भीड़ मौके पर पहुंचकर उग्र रूप ले लिया। मौके पर थाना अध्यक्ष बृजेश सिंह के पहुंचने पर भीड़ को काबू में किया गया। लोगों ने बताया की एंबुलेंस का इंतजार न करते हुए अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्ल बाजार भेजा गया। डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते प्राथमिक उपचार करने के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है। थाना अध्यक्ष बाजारशुक्ल बृजेश सिंह ने बताया कि सड़क किनारे खोदाई कर रही जेसीबी से बाइक सवार टकराये थे, दोनों को इलाज के बाद ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया है।

### मनाया गया हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव

**अमेठी।** सोमवार को तिलोई में बीएमएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी परिसर में सुबह साढ़े 10 बजे से साढ़े 3 बजे तक निपुण भारत के प्री प्राइमरी शिक्षा के तहत ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी आरके कश्यप व सीडीपीओ शिवानी दीक्षित ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं प्राथमिक शिक्षक के तहत कक्षा एक, दो व तीन हेतु निर्धारित अधिगम लक्ष्यों एवं उनकों प्राप्त करने संबंधी प्रवधि आदि से मौजूद लोगों को अवगत कराया। खंड शिक्षा अधिकारी आरके कश्यप ने बताया कि बाल विकास के एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए प्री स्कूल किट, एक्टिविटी कलेंडर कहानी की पुस्तकों का प्रदर्शन पीपीटी के माध्यम से किया गया।

## एक नजर

### दिव्यांगों को तहसील सदर में आज बंटेंगे उपकरण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी ऋचा गुप्ता ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार दिव्यांग लाभार्थियों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण का निर्धारित तिथियों मे वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को विकास भवन परिसर में तहसील सदर व बिलग्राम के लाभार्थियों को, 13 मार्च को तहसील शाहाबाद व सण्डीला के लाभार्थियों का वितरण विकास भवन परिसर मे तथा शेष लाभार्थियों को 14 मार्च को गन्ना कृषक महाविद्यालय सवायजपुर में कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों का वितरण किया जायेगा।

### कमरे के अंदर युवक का लटका मिला शव

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** मेहनत-मज़दूरी करने वाले युवक का शव उसके कमरे के अंदर फांसी पर लटका हुआ देखा गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। हरपालपुर कोतवाली के मलौथा गांव निवासी 25 वर्षीय कल्लू उर्फ अवनीश की शादी नही हुई थी। कल्लू उर्फ अवनीश मेहनत-मज़दूरी कर अपना खर्च चलाता था। उसके बड़े भाई राकेश ने बताया सोमवार की सुबह उसका शव कमरें के अंदर गमछे के फंदे से फांसी पर लटका हुआ शव देखा। इसका पता होते ही गांव में सनसनी फ़ैल गई।

### तीन का शांति भंग में जेल

**भरखनी, हरदोई।** पचदेवरा पुलिस ने तीन लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। उनको एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया। क्षेत्र के कूण्डी गांव में रामकिशन, इन्द्रेश, सुभाष आपस में झगड़ रहे थे। सूचना पर तीनों के खिलाफ शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई की गई।

### तैलिक समाज ने बैठक कर एकजुटता पर दिया जोर

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** तैलिक समाज खैराबाद की आवश्यक बैठक जगदीश जायसवाल के संरक्षण व संतोष जायसवाल की अध्यक्षता में तैलिक समाज खैराबाद के महामंत्री कुलदीप जायसवाल के महेंद्री टोला के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में तैलिक समाज की विभिन्न समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की गई व संकल्प लिया गया कि खैराबाद का पूरा तैलिक समाज एक यूनिट की तरह जुड़कर कार्य करे, यदि समाज के किसी भी व्यक्ति का शोषण होता है तो सभी एकजुटता के साथ उसकी पूरी तरह से मदद करे।


# निर्वाचन के दायित्वों को पूरी निष्ठा से पूर्ण करें अधिकारी

## जिलाधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों व मास्टर ट्रेनरों के साथ किया संवाद, ईवीएम प्रशिक्षण का लिया जायजा

हरदोई

**अमृत विचार।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय (जीडीसी) में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने ईवीएम प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले सेक्टर अधिकारियों व मास्टर ट्रेनरों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। ईवीएम का प्रशिक्षण भली भांति प्राप्त कर लें।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी का मूल्यांकन किया जायेगा। प्रशिक्षकों को निर्देश दिए कि सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ हैंड्स ऑन प्रशिक्षण भी कराया जाये। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सेक्टर मजिस्ट्रेटों से ईयू व सीयू आदि से सम्बंधित प्रश्न पूछकर प्रशिक्षण के स्तर को भी परखा। उन्होंने कहा कि दायित्वों के निर्वहन के दौरान चुनाव आयोग के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर पीडी गजेन्द्र तिवारी, अधिशाषी अभियंता शारदा नहर अखिलेश गौतम, उपनिदेशक केटीएस विजय सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे। वहीं कलेक्टेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री द्वारा सम्भावित लाभार्थियों को रियायती ऋण वितरण कार्यक्रम के अवसर पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम के सम्बन्ध में बैठक हुई। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल रसखान प्रेक्षागृह में सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाएं। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण की व्यवस्था की जाये। कार्यक्रम स्थल पर सूचीबद्ध सभी लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित सभागार का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि सभागार का अवशेष कार्य जल्द पूरा किया जाये।



मास्टर ट्रेनरों से जानकारी प्राप्त करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार



मतदाताओं को प्रेरित करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

### 85 वर्ष से ज्यादा उम्र के मतदाता घर पर ही कर सकते मतदान

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला मजिस्टेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने नये निर्देशानुसार जनपद के सभी 85 वर्ष आयु वर्ग के ऊपर के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की सुविधा दी है। कहा कि जनपद के समस्त 85 वर्ष आयु के ऊपर के मतदाताओं से कहा है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने घर पर मतदान करने के लिए निर्धारित फार्म-डी से आवेदन कर अपने निवास पर ही मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। फार्म-डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिनों के अन्दर संबंधित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराये जाएंगे।

### नगर पंचायत माधौगंज में निकाली गयी रैली

**हरदोई।** आने वाले चुनाव में मतदान को बढ़ाने के लिए लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। रैली निकाल कर लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत स्वीप गतिविधियों के तहत सोमवार को अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत माधौगंज के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का निकाली गयी, जिसमें नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

### मतदान के एक दिन पूर्व से चलेगा विशेष सफाई अभियान

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देश दिए हैं कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों एवं उनमें बने मतदेय स्थालों की सफाई व्यवस्था शुरू कराये और मतदान के एक दिन पहले तथा मतदान के दिन विशेष साफ-सफाई कराये और मतदेय स्थालों पर सफाई नहीं मिलने पर संबंधित बीडीओ एवं एडीओ पंचायत को पूर्ण रूप से उत्तरदायी माना जायेगा। सीडीओ ने कहा है कि मतदान केन्दों की साफ-सफाई की फोटो सहित आख्या प्रत्येक दिन बीडीओ व एडीओ पंचायत उपलब्ध करायेगें, जिसे संकलित कर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी को पत्रावली पर अवलोकनार्थ प्रस्तुत की जायेगी। कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

### डीएम की अनुमति बिना बीएलओ का स्थानान्तरण एवं सम्बद्धीकरण नहीं

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा उपायुक्त श्रम रोजगार से कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए बीएलओ के रूप में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं रोजगार सेवक नियुक्त हैं और बीएलओ के रूप में नियुक्त किसी भी कार्मिक का स्थानान्तरण अथवा सम्बद्धीकरण बिना जिलाधिकारी की अनुमति न करें।

### जीडीसी में ईवीएम व वीवी पैट का होगा प्रशिक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला मजिस्टेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी ईवीएम व वीवी पैट से कहा है कि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों को ईवीएम व वीवी पैट का प्रशिक्षण महाराणा प्रताप राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय के 17 कक्षों में कराया जायेगा।



नवनिर्मित सभागार का निरीक्षण करते डीएम।

# घर वालों को बंधक बनाकर लाखों की लूट

हरदोई

**वारदात**

▸▸ कपड़ा कारोबारी के घर धावा बोलकर घटना को दिया अंजाम

**अमृत विचार।** कपड़ा कारोबारी के घर घुसे बदमाशों ने पहले तो गहरी नींद में सो रहे घर वालों को उसी कमरें में बंधक बनाया और उसके बाद फर्स्ट फ्लोर का ताला तोड़ कर वहां से सोने के ज़ेवर-गहने समेट लिए। इस तरह की वारदात टड़ियावां थाने के पन्हैया गांव में होना बताई जा रही है। पुलिस ने सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

बताया गया है कि पन्हैया गांव निवासी सुभाष सिंह कपड़े का कारोबार करता है। उसकी हरिहर पुर में दुकान है। रविवार की रात में घर के सारे लोग कमरे के अंदर गहरी नींद में सोए हुए थे। उसी दौरान बदमाश उसके घर के पीछे से अंदर दाखिल हो गए। उसके बाद उन्होने सो रहे लोगों को वहीं कमरे में बंद कर दिया और मकान के फर्स्ट फ्लोर के कमरे का और वहां रखी अलमारी का ताला तोड़ कर उसमें रखे ज़ेवर-गहने जिसमें सोने की जंज़ीर, कानों के झाले, अंगूठी, कंगन और मांग बेदी समेट ले गए। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। कारोबारी सुभाष सिंह के मुताबिक बदमाश उसकी ज़िंदगी भर की कमाई के लगभग सात लाख रुपये के ज़ेवर-गहने थे, जो बदमाश समेट ले गए। की तहरीर पर पुलिस ने गहराई से छानबीन करनी शुरू कर दी है। इसका पता होते ही समूचे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। एसएचओ श्री सिंह ने दावे के साथ कहा कि जल्द ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगी।

### जानबूझकर घर में पानी की सभी टोटियां खोली

कपड़ा कारोबारी के घर वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश वहां की पानी की सारी टोटियां खोल दी, ताकि पानी बहने की आवाज़ सुन कर घर वालों की आंख खुले और उन्हे वारदात का पता लग सके और ऐसा ही हुआ भी, पानी बहने की आवाज़ से जागे घर वालों ने खुद को कमरे में बंद पाया। शोर मचाने पर लोग आए और बदमाशों की कारस्तानी का पता चला।

### दो माह बाद पुलिस ने लिखी चोरी की रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला होली कलां में एक बंद मकान में हुई चोरी की रिपोर्ट घटना के दो माह बाद अंतत: पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध दर्ज की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला होली कलां निवासी कंचन बाजपेई पत्नी धीरेंद्र बाजपेई निवासी ग्राम वीरमपुर ने बताया वह बच्चों की पढ़ाई को लेकर कस्बे के मोहल्ला होली कलां में अभय दीक्षित नन्हे भईया के मकान में किराए पर रहती है। मकान मालिक अपने परिवार सहित नोएडा में निवास कर रहा है। 12 जनवरी को उसके पिता की तबियत खराब थी तो सूचना पर वह गांव वीरमपुर गई थी। 15 जनवरी को मकान मालिक के भाई बड़े भइया की पत्नी के मोबाइल से उसके पास सूचना आई कि मकान का ताला खुला हुआ है। सूचना पर उसने उसी मोहल्ले के रहने वाले अपने मामा लक्ष्मी कांत त्रिपाठी को फोन कर घटना की सत्यता पूछी, तो घटना सत्य पाई गई। 16 जनवरी को वह घर आई तो उसने घर पर देखा एक चांदी का गुच्छा, दो जोड़ी बिछिया, दो अंगूठी, एक जोड़ी पायल, चांदी के सिक्के सहित 80,000 की नगदी गायब थी। उसने 16 जनवरी को ही कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना दी थी। कोतवाली पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की और उसे टहलाती रही। पीड़िता दो माह से उच्च अधिकारियों की चौखट के चक्कर लगा रही थी। अंतत: पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों का प्रदर्शन

**हरदोई, अमृत विचार।** पुरानी पेंशन सहित विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सोमवार को बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले प्रदर्शन करते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कहा कि प्रेरणा एप के माध्यम से उपस्थिति किसी भी प्रकार से उचित व व्यवहारिक नहीं है। इसे तत्काल रोका जाए। जब तक संसाधन उपलब्ध नहीं होते तब तक विद्यालयों में टैबलेट, मोबाइल आदि का प्रयोग न कराया जाए। भविष्य निधि खातों को ऑनलाइन किया जाए।

# पूरी निष्ठा व लगन से प्राप्त करें प्रशिक्षण

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रॉप आउट तथा आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य पर से जोड़ने और उनको पढ़ाने के लिए नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण ब्लाक संसाधन केंद्र लहरपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी लहरपुर रमाकांत मौर्य ने कहा कि प्रशिक्षण कोई भी हो हमेशा महत्वपूर्ण और उपयोगी होता है। सभी प्रतिभागियों को इस में पूरी निष्ठा और लगन से शरीक होना चाहिए। इससे शिक्षकों के कौशल में वृद्धि होगी और बच्चों को सीखने में भी आसानी होगी।

ड्राप आउट तथा आउट आफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना एक चुनौती पूर्ण कार्य है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में जो भी जानकारियां और विधियां सिखाई जा रही हैं उनको कक्षा शिक्षण करते समय व्यवहार में लाकर शिक्षण को रोचक, आकर्षक तथा प्रभावी बनाने का प्रयास करें। संकुल शिक्षक अनवर अली ने अभियान गीत एवं शैक्षिक गतिविधियों का अभ्यास कराया। संदर्भदाता श्रषिकेश बाजपेई, संदीप कुमार वर्मा, तरून कुमार, कृष्ण पाल सिंह तथा देवेंद्र कुमार राठौर ने ड्राप आउट बच्चों का चिन्हीकरण, नामांकन और शिक्षण विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर संदीप कुमार, रामचन्द्र वर्मा अनीशा उमराव, रेखा देवी, आदित्य कुमार राठौर, बुनियादी हुसैन अंसारी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते बीईओ। अमृत विचार

# नमस्ते पोर्टल के लाभार्थियों को किया जाएगा लाभान्वित

सीतापुर

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक-13 मार्च को प्रस्तावित कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जायें।

13 मार्च को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वाधान में समाज वंचित वर्गों को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा नमस्ते पोर्टल के अन्तर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त पीएम सूरज योजना भी लांच किया जायेगा। प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों से संवाद करने के उपरान्त सम्बोधित किया जायेगा, जिसका सजीव प्रसारण भी किया जायेगा। जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम होगा।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने शुरू किया अभियान

**हरदोई, अमृत विचार।** होली का त्योहार नजदीक है। इस त्योहार पर अक्सर शराब पीने के बाद झगड़े और विवाद बढ़ जाते हैं। इसके अलावा आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी भी शुरू हो गयी है। इसके चलते शराब के अधिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग, पुलिस और प्रशासन ने छापेमारी शुरू कर दी है। सोमवार को शहर के कई संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की गई। शराब दुकानों पर सेल्समैनों को अवैध शराब की बिक्री करते पाए जाने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। होली और लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही जिले में कच्ची शराब बनाने वाले सक्रिय हो जाते हैं। होली पर कच्ची शराब की मांग अधिक बढ़ जाती है। इस पर रोक लगाने के लिए शासन के निर्देश पर 10 मार्च से अभियान शुरू किया गया है।

### जन आशीर्वाद अभियान में जुटे सांसद अशोक रावत

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव में मिश्रिख लोकसभा सीट से भाजपा द्वारा मौजूदा सांसद अशोक रावत को पुन: प्रत्याशी बनाया गया है। जिसके क्रम में भाजपा प्रत्याशी ने जन आशीर्वाद कार्यक्रम के तहत लोगों तक पहुंचना शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मिश्रिख लोकसभा सीट से घोषित प्रत्याशी व मौजूदा भाजपा सांसद अशोक कुमार रावत ने जन आशीर्वाद अभियान शुरू कर दिया है, जन आशीर्वाद अभियान के तहत अशोक रावत अपने पैतृक निवास अटिया शाहपुर से निकलकर कोथावां होते हुए बेनीगंज, कुर्सी, गिरधरपुर उमरारी होते हुए आगे की ओर निकल गए, बेनीगंज नगर के बस स्टाप व रामलीला मैदान में मौजूदा सांसद अशोक कुमार रावत का लोगों ने फूल मालाओं व गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। इस दौरान भाजपा सांसद ने अबकी बार 400 पार का नारा लगाते हुए लोगों से समर्थन/आशीर्वाद की मांग की।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, बहनोई घायल

शाहाबाद हरदोई

**अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के शाहजहांपुर मार्ग पर सिरदार नगर के समीप तेज रफ्तार पिकअप ने ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर सवार युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। मृतक के भाई ने बताया कि उसका बहनोई का भाई फर्रुखाबाद जनपद के शमशाबाद थाना क्षेत्र के शरिफपुर सिसनी निवासी हरवीर पुत्र प्रताप उसके घर आया था। सोमवार को ट्रैक्टर कल्टिवेटर लेकर खेत पर गया था। उसके साथ उसका भाई हरिओम भी गया था। खेत से वापस आते समय शाम 7:30 बजे सिरदार नगर के समीप पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे उसके भाई हरिओम (30) की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसके बहनोई का भाई घायल हो गया। 108 पर सूचना के बाद भी काफी देर तक एंबुलेंस नहीं आई। मृतक और घायल को निजी वाहन से सीएचसी लाया गया। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पिकप चालक पिकप छोड़कर भागने में सफल रहा। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

# टीआरएस स्कूल का धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर का टीआरएस कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद की कई महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद अशोक रावत ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर किया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल से बच्चों के अंदर नैतिक व सामाजिक गुणों का विकास होता है। उन्होंने स्कूल की डायरेक्टर डॉ विभा सिंह को बधाई देते हुए कहा कि वह ग्रामीण अंचल में छात्रों को बेहतर शिक्षा देकर जनपद का नाम रोशन कर रही है।

सांसद अशोक रावत ने संडीला के लड्डू की ख्याति विश्व स्तर पर होने की भी बात कही। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु के बिना व्यक्ति अपने जीवन में सफल नहीं हो सकता। उन्होंने बच्चों के शानदार कार्यक्रम पर उन्हें बधाइयां दी। कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुंवर वीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता विशनु दयाल शुक्ला, मिश्रिख लोकसभा संयोजक अशोक सिंह, समाजसेवी आलोक अस्थाना, भाजपा नगर अध्यक्ष रमन जायसवाल सहित गणमान्य मौजूद रहे। वार्षिकोत्सव में जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली कर्मठ महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें सीओ शिल्पी कुमारी, कुबेर जन सेवा समिति अध्यक्ष निरमा देवी, वरिष्ठ समाजसेवी संतोष अस्थाना, शारदा सिंह, मुक्ति सिंह, हेमा सैनी, ऋतु यादव, रीना बौद्ध, निकहत फातिमा, खालिदा परवीन, पत्रकार विजय लक्ष्मी सिंह, लेखिका मीतू सहित अन्य को सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव में शानदार कार्यक्रमों ने लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव में सारांश, अमीषा सिंह प्राजंलि जायसवाल, यश पांडे, अक्षय प्रताप, रौनक शुक्ला, आरुष गुप्ता ने लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा आरंभ है प्रचंड, महाभारत, फैशन शो, स्वच्छता जागरूकता, हॉरर शो कार्यक्रमों को लोगों ने खूब सराहा।




### संदिग्ध हाल में घर में पड़ा मिला युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर में पेंटिंग का काम करने वाले युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। इसका पता तब हुआ जब उसकी पत्नी कमरे में पहुंची, वहां पति का शव पड़ा देखा। मौत की वजह का पता लगाने के लिए पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन उसमें भी उसका पता नहीं चल सका। कोतवाली शहर के मोहल्ला आलू थोक पश्चिमी निवासी (28) रामजी पेशे से पेंटर था। रविवार की रात उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई। इसका पता तब चला जब उसकी पत्नी दीपाली कमरे में पहुंची, जहां वह पति का शव पड़ा देख कर वह चीखती हुई बाहर की तरफ भागी। दीपाली के चीख सुन कर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। रामजी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे है। शव के पोस्टमार्टम में उसकी मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि अपने छोटे पुत्र हर्षित कुमार मिश्रा के खराब चाल-चलन व गलत कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य व अनैतिक कार्यों से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई वास्ता व सरोकार नही होगा। **राजकुमार मिश्रा पुत्र स्व0 गार्गी प्रसाद मिश्रा, निवासी- ग्राम ओरीपुर मजरे भिरिया, तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी।**

**आवश्यकता है**

अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिये अयोध्या शहर से एल के जी से इंटर तक के लिए सभी विषयों के योग्य एवं अनुभवी शिक्षक / शिक्षिकाओं की ।

**गायत्री पब्लिक स्कूल**
रेवतीगंज, ब्लॉक हैरिंग्टनगंज, अयोध्या
8090420051, 9415387756
Email:
rsshuklagps@rediffmail.com
gpsayodhya@gmail.com

**शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी भादर अमेठी**

**आवश्यकता है**
**प्रवक्ता पद हेतु**
भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद
**वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार**
नोट-इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।
**प्रबन्धक**
**प्रबीन कुमार सिंह**
मो-979336781

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अंकित व बहू निधी पत्नी अंकित को उसके गलत कृत्यों से परेशान व क्षुब्ध होकर अपनी व अपने पूर्वजों की समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। और भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **-श्यामलाल पुत्र प्रभू, निवासी- ग्राम-नजरनगर, थाना व परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला- लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **नूर मोहम्मद पुत्र नन्हे, निवासी- ग्राम बंदरहिया, पोस्ट फुलई, थाना मल्लावां, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई** मेरे पुत्र सिबलू व पुत्रवधू किस्मतुन बानो दोनों आपस में लड़ते झगड़ते हैं। आत्महत्या करने की धमकी देते हैं। चाल चलन ठीक ना होने के कारण अपनी कुल चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इनके द्वारा अच्छे बुरे किए गए कृत्य के दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा वह मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं **सुभाष चन्द्र पाण्डेय पुत्र हसं राज व सुभद्रा पाण्डेय पत्नी सुभाष चन्द्र पाण्डेय, निवासीगण -130/34 बगाही भट्टा थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर,** हम अपने पुत्र प्रिन्स पाण्डेय को उसके व्यवहार से क्षुब्द होकर उससे सम्बन्ध विच्छेद करके अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं तथा उसके द्वारा किये गये अच्छे बुरे कार्यों तथा लेन देन से हमारी कोई जिम्मेदारी न है और न ही भविष्य में होगी।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी स्व. पत्नी राजवन्ती एसबीआई उमरन शाखा खाता संख्या 35699361825 में मेरा नाम अंग्रेजी में PRATHVHI PAL अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अंग्रेजी में PRITHVPAL अंकित है। दोनो मेरे एक ही व्यक्ति के नाम है। **- पृथ्वीपाल पुत्र राज बहादुर, निवासी - मुरारमऊ, पो.- हमीदपुर बड़ागांव, परगना - सलोन, तहसील व थाना- ऊंचाहार, जिला - रायबरेली**

# डंका बजते ही गगनभेदी जयघोष के साथ निकल पड़ा रामदल

## हाइटेक रथ घोड़े, हाथी व पालकियों से निकले साधु और संत, 84 कोसी परिक्रमा में दिखा श्रद्धा व आस्था का अद्भुत संगम



**पहला रोजा**

शिया
सहरी : 04 :50 बजे
इफ्तार : 06 :26 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 :56 बजे
इफ्तार : 06 :16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।



साधु-संतों का फूल-मालाओं से स्वागत करते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि व अन्य। अमृत विचार



परिक्रमा के अगले पड़ाव की तरफ पैदल जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### यह है तिथिवार परिक्रमा कार्यक्रम

**11 मार्च** : नैमिषारण्य से कोरौना (सीतापुर)।
**12 मार्च** : कोरौना से हरैया (हरदोई)।
**13 मार्च** : हरैया से नगवा कोथावा (हरदोई)।
**14 मार्च** : नगवा कोथावा से गिरधरपुर उमरारी (हरदोई)।
**15 मार्च** : गिरधरपुर उमरारी से साकिन गोपालपुर (हरदोई)।
**16 मार्च** : साकिन गोपालपुर से देवगवा (सीतापुर)।
**17 मार्च** : देवगवा से मड़रुवा (सीतापुर)
**18 मार्च** : मड़रुवा से जरिगवा (सीतापुर)।
**19 मार्च** : जरिगवा से नैमिषारण्य (सीतापुर)।
**20 मार्च** : नैमिषारण्य से कोल्हुआ बरेठी (सीतापुर)।
21 से 25 मार्च तक मिश्रिख मे पंच कोसीय परिक्रमा।

**नैमिषारण्य, सीतापुर**

**अमृत विचार:** सोमवार को रात्रि का अंधेरा धीरे-धीरे छट रहा था तब विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नैमिषारण्य में आदिगंगा गोमती व चक्र तीर्थ के पवित्र जल मे श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा कर सर्वप्रथम गणेश भगवान को लड्डू का भोग लगाकर पूजन-अर्चन कर निर्विग्न परिक्रमा पूर्ण की मंगल कामना की गई। रामनाम, हर-हर महादेव बोल कड़ाकड़ सीताराम के गगनभेदी जयगोष के साथ 84 कोसीय परिक्रमा समिति के अध्यक्ष महंत नारयन दास के डंका बजाते ही देश-विदेश से चलकर आए साधु-संत व श्रद्धालु परिक्रमा के पहले पड़ाव के लिए कूच कर गए। इस 84 कोसीय परिक्रमा मेले में देश के मध्यप्रदेश, राजस्थान के साथ पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या मे श्रद्धालूओं ने चौरासी कोसीय परिक्रमा कर रहे हैं। इसके आलवा अन्य कई विदेशी श्रद्धालु भी शामिल हैं। इसके साथ देश के विभिन्न प्रांतो से लाखो लाख श्रद्धालु परिक्रमा में शामिल हुए हैं। चौरासी कोसी परिक्रमा मे आध्यात्म व आस्था का अदभुद नजारा श्रद्धालुओं में देखने को मिल रहा है। संन्यासी भाव से चिमटा मंजीरा बजाते हुए अपनी धुन में गुनगुना रहे हैं। कई आश्रमों के मंहत अपनी लक्जरी गाड़ियों मे सवार होकर चल रहे थे। मां ललिता देवी मंदिर चौराहे पर पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बबलू सिंह ने संत महंतो व श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर परिक्रमार्थियों व साधु संतो का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर व्यासपीठाधीश अनिल कुमार शास्त्री, अटल पुजारी, रंजीत दीक्षित, राज दीक्षित, आचार्य सर्वेश शुक्ल, आचार्य प्रकाश, चंद्र पांडेय आदि तीर्थ पुरोहित व प्रशासनिक अमला मौजूद रहे। औरंगाबाद पहुंचने पर प्रधान प्रतिनिधि आकिब रब्बानी ने 84 कोसी परिक्रमा समिति के अध्यक्ष श्रीनारायण दास, महंत संतोष दास खाकी आदि संतों का स्वागत किया।



घोड़े से परिक्रमा करता श्रद्धालु।



परिक्रमा में शामिल दूर-दराज से आए साधु-संत। अमृत विचार

### एक नजर

#### जंगली जानवर के हमले से मवेशी घायल

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के बिचपरिया गांव में घर के बाहर बंधे दूधमुहें मवेशी पर बीती रात किसी जंगली जानवर ने हमला कर दिया। हमले से मवेशी की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के बिचपरिया गांव निवासी रामशंकर पुत्र रामनाथ के घर के बाहर मवेशी बंधा था। बीती रात अचानक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। उसकी मौत हो गई। रेंजर कल्पेश्वर नाथ ने बताया कि प्रतीत हो रहा है कि कोई सियार या भेड़िया था।

#### पूर्व जिला पंचायत महेंद्र सिंह की पुण्यतिथि आज


**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** सीतापुर जिला पंचायत के अध्यक्ष रहे स्व. महेंद्र सिंह वर्मा की पुण्यतिथि मंगलवार को उनके निज आवास स्थित ग्राम पोखरा कलां में प्रात: 10.00 बजे मनाई जाएगी। इस अवसर पर हवन भी होगा। पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने पुण्यतिथि कार्यक्रम में लोगों से उपस्थित होने की अपील की है।

### यहां है 84 कोसी परिक्रमा का महत्व

अयोध्या की परिक्रमा के बारे में सभी जानते हैं लेकिन क्या यह जानते है कि प्रभु राम ने कहां 84 कोस की परिक्रमा की थी? ऋषियों की इस तपोभूमि का उल्लेख स्कंद पुराण से लेकर महाभारत तक में है। तीर्थ नैमिषारण्य की 84 कोसीय परिक्रमा विश्व की सबसे प्राचीन परिक्रमा पथ है। साथ ही यह भूमि 88 हजार ऋषियों की तपस्थली रही है। उन्होंने परिक्रमा करके पुण्य प्राप्त किया है। प्रति वर्ष फाल्गुन में अनेक राज्यों से ग्रहस्थ और साधु संत नैमिष पहुंच कर परिक्रमा करते हैं। मान्यता है कि परिक्रमा त्रेता युग से निरंतर हर साल होती चली आ रही है। हर साल फाल्गुन मास की प्रतिपदा से शुरू होकर होली के दिन इस परिक्रमा का समापन होता है। खास बात यह है कि इस परिक्रमा में समस्त तीर्थों, मंदिरों और ऋषि मुनियों की तपस्थलियों के दर्शन होते हैं। माना जाता है कि जो व्यक्ति नैमिषारण्य की चौरासी कोसीय परिक्रमा करता है, उसे चौरासी लाख योनियों में कभी भटकना नहीं पड़ता है।

## मुस्लिम समुदाय ने दिया एकता का संदेश व बरसाए फूल

**औरंगाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** 84 कोसी परिक्रमा मेले में शामिल साधु संतों का औरंगाबाद के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जोरदार स्वागत किया सर पर टोपी पहने और हाथों में परिक्रमार्थियों के स्वागत के लिए फूलों की माला लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने राम दल का दिल जीत लिया। औरंगाबाद गांव में परिक्रमार्थियों के स्वागत के लिए एक दिन पहले से ही कमाईपुर स्थित पंचायत भवन पर पंडाल लगाकर खाने-पीने की व्यवस्था की थी। चाय-नाश्ता फल के साथ भंडारे का आयोजन किया गया औरंगाबाद गांव के निवासी समाजसेवी आकिफ रब्बानी के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने परिक्रमा पथ पर चलने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह व्यवस्था की, परिक्रमार्थियों पर पुष्प वर्षा की गई। गैर समुदाय द्वारा अपना स्वागत और सम्मान देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए जिस तरह मुस्लिम समाज ने भाईचारे का संदेश दिया है, ऐसा कहीं भी देखने को नहीं मिलता। बनगढ़ महंत संतोष दास खाकी रथ से उतरकर पंडाल के भीतर पहुंच गए जहां पर आकिफ रब्बानी ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर व माला पहनाकर उनका स्वागत सत्कार किया। कुछ देर रुक कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया फिर चले गए। इसके अलावा पहला आश्रम के महंत नन्हकू दास का माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेट कर सम्मान किया गया। राह से निकलने वाले साधु संतों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधान नफीस अहमद, बसीर अहमद, आजाद खां, शाहनवाज बेग, इदरीश सहित मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए।



बनगढ़ महंत संतोष दास खाकी का स्वागत करते समाजसेवी आकिफ रब्बानी। अमृत विचार

## युवक ने किया शादी से इनकार युवती ने थाने में की शिकायत

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** महमूदाबाद कोतवाली इलाके में वरीक्षा के बाद शादी से इनकार पर युवती ने युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पीड़िता ने वरीक्षा के दौरान युवक पर दो लाख की नकदी और सोने की अंगूठी सहित अन्य सामान भी लेने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है।

क्षेत्र के ग्राम इमलिया मानपुर थाना महमूदाबाद निवासी शिवनारायण पुत्र संतु ने अपनी बेटभ् का विवाह ग्राम मुबारकपुर निवासी राम सजीवन के पुत्र अंकित भार्गव से तय किया था। आरोप है कि 20 मार्च 2023 को वरीक्षा समारोह के दौरान 2 लाख नकद व सोने की अंगूठी युवक को भेंट दी थी। एक साल बाद शादी करना तय था लेकिन अब युवक ने शादी से इनकार कर दिया। आरोप है कि इस 1 साल में लड़का कई बार पीड़ित के आवास जाकर लड़की से संबंध भी बनाए। पिता ने बताया कि लगभग तीन माह पूर्व युवक ने अचानक लड़की से बात करना बंद कर दिया तो परिजनों को आशंका हुई। उन्होंने रिश्तेदारों व संभ्रांत नागरिकों से संपर्क का विवाह के लिए मुबारकपुर में आकर लड़के के पिता से बात की। बातचीत के दौरान लड़के पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## घूंघट की आड़ में शराब कारोबार का भंडाफोड़, 6 महिलाओं सहित 8 गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार:** सोमवार को इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब कारोबार में लिप्त 6 महिलाओं सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 325 लीटर अवैध शराब व उपकरण जब्त किए हैं। आगामी चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने क्षेत्र के शेखापुर, हथुरी, टिकरा, बीबीपुर सहित अन्य गांवों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस पुलिस ने पुलिस ने 6 महिलाओं सहित 8 लोगो को गिरफ्तार करते हुए करीब 325 लीटर अवैध शराब जब्त की। साथ ही पुलिस ने एक शराब भट्टी को नष्ट करते हुए उपकरण जब्त किए हैं। अभियान की जानकारी देते हुए सीओ महोली अरुण कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान करीब 20 क्विंटल लहन नष्ट की गई है। पुलिस की गिरफ्त में आए अभियुक्तों में मुन्नी, सोमवती, बसंत, मनोज, रिंकी, सविता, प्रेमा व राजकुमारी शामिल हैं।

## अवैध खनन पर कारागार राज्यमंत्री खफा

**लहरपुर, सीतापुर**

**अमृत विचार :** तहसील में कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही के अचानक पहुंचने पर हड़कंप मच गया। राज्यमंत्री ने अवैध खनन को लेकर गहरी नाराजगी जताई।

तहसील क्षेत्र में अवैध पीली मिट्टी के खनन की शिकायतों को लेकर सोमवार को कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही अचानक तहसील पहुंचे और उन्होंने उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम से विभिन्न समस्याओं एवं अवैध खनन को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर निस्तारित किया जाए और अवैध खनन को हर हाल में रोका जाए। इस मौके पर कई लोगों ने कारागार राज्यमंत्री से तहसील प्रशासन की लचर कार्य प्रणाली को लेकर आरोप लगाया कि काफी समय से वो लोग अपने-अपने खेतों की पैमाइश के लिए तहसील के चक्कर लगा रहे हैं। इस मौके पर कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने उपजिलाधिकारी से कहा कि आप अपने आदेश का पालन ही तहसीलकर्मियों से नहीं कर पा रही हैं। इस मौके पर कुछ लोगों ने अवैध तालाब पटान की शिकायतें की। कारागार राज्य मंत्री ने तहसीलकर्मियों द्वारा जनता के फोन न उठाने पर भी नाराजगी व्यक्त की।



उपजिलाधिकारी को निर्देश देते कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही व मौजूद अन्य।

### सार-संक्षेप

#### 226 छात्र-छात्राओं को मिले स्मार्टफोन



स्मार्टफोन पाने वाले विद्यार्थियों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष, कॉलेज प्रबंधक व अन्य।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर के प्रभात राजेंद्र कुमार पूनम देवी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क स्मार्टफोन का वितरण मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर 226 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन अमरेंद्र सिंह चौहान व अध्यक्षता विद्यालय के संचालक पीयूष श्रीवास्तव ने की। कॉलेज के डायरेक्टर पीयूष श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए छात्रों को नि:शुल्क स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं। छात्र इनका उपयोग शैक्षिक उद्देश्य के लिए ही करें। महाविद्यालय के संस्थापक, प्रबंधक राजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वह लड़कों की तरह ही अपनी बेटियों को भी उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करें जिससे समाज का विकास हो। कार्यक्रम में जिला महामंत्री उदित वाजपेई, भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश बाजपेई, राजेश्वर रस्तोगी, वीरेंद्रपुरी, मनमोहन गुप्ता, मनोज गुप्ता, भगवान दीन त्रिवेदी, अशोक वर्मा, सील कुमार, मीनाक्षी मिश्रा, नामित मिश्रा, मुस्कान सहित भारी संख्या में छात्र छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

#### बीईओ ने चयनित छात्र-छात्रों को किया सम्मानित



प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्रों के साथ बीईओ व अध्यापक।

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विकासखंड कसमंडा में ब्लॉकस्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय दाउदपुर के प्रांगण में किया गया। इसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने की। प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न की गई। कुल 282 छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। इस चरण की परीक्षा में कुल 20 बहुविकल्पीय प्रश्न गणित व विज्ञान के पूछे गए। परीक्षा में उत्तरण प्रथम 100 छात्रों को द्वितीय चरण में पहुंचने का अवसर मिला। इन छात्रों की मौलिक अभिव्यक्त की जांच व्याख्यात्मक रूप से 13 प्रश्न पूछे गए। तृतीय चरण मे परीक्षा से टॉप 20 छात्रों का चयन किया गया। इन छात्रों का साक्षात्कार के माध्यम से परीक्षण कर टॉप 10 छात्रों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में अंतिम रूप से चयनित इन 10 छात्रों को खंड शिक्षा अधिकारी ने स्मृति चिन्ह, मेडल, स्टेशनरी किट व निर्धारित नकद धनराशि प्रदान की। एआरपी मनोज कनौजिया, नीलम वर्मा, हिमांशु शुक्ला, डॉ. दिनेश सिंह, प्रभात कुमार दीक्षित एवं पर्यवेक्षक एसआरजी मदनेस मिश्रा, गिरिजेश कुमार अवस्थी, हबीबुर रहमान, अजीत सिंह, ज्ञानेश बाजपेई, विनय मेहरोत्रा, रोहित शुक्ला, संदीप मिश्रा, मनोज सिंह, यासमीन बेगम, प्रमोद कुमार, रविन्द्र मिश्रा, संकल्प त्रिपाठी, कंचन त्रिपाठी, कविता, सीमा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## गोवंशों को चारे के नाम पर खिलाई जा रही गन्ने की खोई

### गौशाला का हाल

**सांडा, सीतापुर**

**अमृत विचार:** सकरन की गौशालाओं में संरक्षित बेसहारा गौवंशों को समुचित चारा पानी देने की निगरानी के नाम पर कहने को तो सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं, लेकिन अधिकांश गौशालाओं में एक माह पूर्व लगाए गए सीसीटीवी कैमरे या तो अब तक चालू नहीं हो पाए हैं या खराब हो गये हैं। ऐसे में गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों को समुचित चारा पानी देने के नाम पर जमकर खिलवाड़ किया जा रहा है।

सकरन ब्लाक मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत मानपुर सिकरी की गौशाला में जहां दो सैकड़ा से अधिक बेसहारा गौवंशों को संरक्षित किया गया है। यहां पशुओं को चारे के नाम पर गन्ने की खोई/बैगास खाने के लिए दी जा रही है। वहीं गौशाला में चारे पानी की निगरानी के नाम पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे खराब होना बताये जा रहे हैं। बेजुबान पशुओं के साथ ऐसा तब हो रहा है जब योगी सरकार ने पशुओं को चारा देने के लिए 30 रुपये से बढ़ा कर 50 रुपये प्रतिदिन कर दिए हैं। गौशाला में पशुओं की देखभाल को लेकर जब सांडा के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद से बात की गई तो उनका कहना था कि अभी तक गौशालाओं में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की आईडी पासवर्ड उन्हें नहीं मिल पाया है। वह बोर्ड परीक्षा में व्यस्त हैं। परीक्षा संपन्न होने पर वह गौशालाओं का निरीक्षण करेंगे।



गौशाला में चारा खाते गोवंश। अमृत विचार

#### बीडीओ ने जताई नाराजगी सचिव को मौके पर भेजा

बीडीओ सकरन धर्मेंद्र कुमार ने गौवंशों को चारे की जगह गन्ने की खोई दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिम्मेदारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने की बात कहते हुए मौके पर पंचायत सचिव शैलेन्द्र दीक्षित को भेज कर पशुओं को निर्धारित चारा दिलाए जाने के निर्देश दिए।

## पैदल मार्च कर दिया शांति और सुरक्षा का संदेश



पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल मार्च पर निकले सीओ व अन्य। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों एवं लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी ने भारी पुलिस बल के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकाला। पैदल मार्च के दौरान पुलिस बल ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव एवं कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने नगर के विभिन्न मार्गों पर पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा और शांति का संदेश दिया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने क्षेत्र में शांति बनाए रखने में सहयोग की अपील की। पुलिस ने नगर के मजासाह चौराहा, गुरखेत बाजार, शहर बाजार, सिनेमा रोड, पाटन दीन चौराहा, खतराना चौराहा होते हुए लहरपुर गेट तक पैदल मार्च किया।

**समारोह**

**भाजपा से पुन : टिकट पाने पर प्रत्याशी का किया गया स्वागत, सांसद बोले- सकारात्मकता व धैर्य ही राजनीति में उच्च शिखर तक पहुंचाता है**

## सांसद राजेश वर्मा ने कार्यकताओं को दिया चुनाव जीत का मंत्र

**महमूदाबाद, सीतापुर**

**अमृत विचार :** भाजपा से पुनः टिकट पाने पर राजेश वर्मा का भव्य स्वागत पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने नगर स्थित मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमैनिटीज साइंस एंड टेक्नोलॉजी में किया। डॉ. रिजवी ने सांसद राजेश वर्मा को श्रीकृष्ण की मूर्ति भेंटकर सम्मानित किया।

विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक चंद्र भूषण शुक्ला ने कहा कि इस बार भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने जा रही है। इसी क्रम में पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अंब्रीश गुप्ता ने भी भाजपा के विकास कार्यों से सभी को अवगत कराया गया। जिसके बाद सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के मैनेजर रमेश वाजपेई ने सांसद को बधाई देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। सीतापुर के भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने अपने सम्बोधन में भाजपा द्वारा कराए जा रहे दीर्घजीवी विकास कार्यों का ब्यौरा रखा गया। अपने विचारों को साझा करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि कुछ लोग मेरा टिकट कटने की अफवाह फैला रहे थे, ऐसे लोग भी बधाई के पात्र हैं, क्योंकि सकारात्मकता और धैर्य ही व्यक्ति को राजनीति में उच्च शिखर तक पहुंचाने का काम करती है। मैंने जीवन में बिना भेदभाव किए सभी की बात सुनी है और सभी का हित किया है। मैं सबका साथ सबके विकास की नीति पर चलता रहूंगा। भाजपा हमेशा से विकास की बात करती रही है और आने वाले समय में महमूदाबाद को कुर्सी रोड पर भी फ्लाईओवर की सौगात मिलेगी। सीतापुर लोकसभा क्षेत्र में विकास अनवरत जारी रहेगा। डॉ. अम्मार रिजवी ने कहा कि भाजपा को हर धर्म, जाति का मत मिलेगा क्योंकि भाजपा बिना किसी भेदभाव के सभी को आवास, राशन, शौचालय, मुफ्त बिजली जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। इस मौके पर महाविद्यालय की प्रधानाचार्या विभा मिश्रा, डॉन बॉस्को कॉलेज के प्रिंसिपल डियो माइकल डिसिल्वा, पैतेपुर चेयरमैन प्रतिनिधि उरूज आलम, वरिष्ठ भाजपा नेता चक्र सुदर्शन पांडे, संतोष सिंह, रामकुमार वर्मा, संजय वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, रमाशंकर वर्मा, राम प्रवेश प्रजापति, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, डीपी सिंह, मुकुंद तिवारी, धनंजय वाजपेई, मृत्युंजय वाजपेई, आर्यन शुक्ला, राजेश सिंह, राहुल सिंह, मनोज शुक्ला, सीतांश शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, शिक्षक गण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की शिक्षिका शशि प्रभा ने किया।




कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते रमेश बाजपेई व मौजूद अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

#### नवागत बीईओ ने कार्यभार किया ग्रहण, शिक्षकों ने दी बधाई



**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र महमूदाबाद में नवागत बीईओ सिमी निगार ने कार्यभार ग्रहण किया। बीईओ उदय मणि पटेल का स्थानांतरण रामपुर मथुरा ब्लॉक में होने के कारण महमूदाबाद में बीईओ का पद रिक्त चल रहा था। नवागत बीईओ के कार्यभार ग्रहण करने पर शिक्षक संगठनों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी। विकास खण्ड महमूदाबाद में सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार करना, शिक्षा के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना, ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाना, अच्छा कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। शिक्षक-शिक्षिकाएं समय से विद्यालय पहुंचें और जिम्मेदारी से शिक्षण कार्य करें, कार्य में शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। पदभार ग्रहण करने पर बीईओ को प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष हंसराज वर्मा, मंत्री ज्ञानेश मिश्र, आरएसएम अध्यक्ष संदीप वर्मा, मंत्री पुनीत वर्मा, एआरपी पीयूष वर्मा, विजय प्रताप सिंह, दिनेश कुमार, अभिषेक परिहार, सिराज अहमद, टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा, डॉ. सुशील वर्मा, डॉ. वहीदुज्जमा, शकील अहमद, जुनैद अहमद, विजय वर्मा, अनुज वर्मा, विमल वर्मा, धीरेंद्र यादव, नवीन दुबे सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

